## हजारों श्रद्धालुओं के साथ विदेशों से आए भक्त भी बने यात्रा का हिस्सा...



# बारिश के बीच भक्ति में सराबोर भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में शनिवार शाम बारिश की फुहारों के बीच भगवान श्रीजगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई। हमीदिया मार्ग पर हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भगवान श्रीजगन्नाथ, श्री बलराम और माता सुभद्रा का रथ जैसे ही आगे बढ़ा, पूरा क्षेत्र 'हरे कृष्ण, हरे कृष्ण' के महामंत्र और भक्ति गीतों से गूंज उठा। वर्षा के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखाई दी।

रथयात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे पारंपरिक व रंग-बिरंगे परिधानों में शामिल हुए। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भगवान के रथ के साथ चलते रहे और विभिन्न स्थानों पर नृत्य कर भगवान के दर्शन किए। पूरे यात्रा मार्ग पर भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।



इस वर्ष रथयात्रा में देश के साथ-साथ रूस और अमेरिका सहित कई देशों से आए श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया। विदेशी कृष्ण भक्त भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के रंग में रंगे दिखाई दिए। रूस से आए इस्कॉन के वरिष्ठ प्रचारक द्विजमणि प्रभु भी रथयात्रा में शामिल हुए और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया।

भगवान श्रीजगन्नाथ के लिए पुरी की नंदीघोष रथ परंपरा से प्रेरित लगभग 27 फीट ऊंचा, 13 फीट चौड़ा और 17.5 फीट लंबा विशेष रथ तैयार किया गया।

रथयात्रा भोपाल टॉकीज़ से प्रारंभ होकर हमीदिया मार्ग, भारत टॉकीज़, रोशनपुरा चौराहा, रंगमहल और न्यू मार्केट होते हुए माता मंदिर स्थित प्लेटिनम प्लाजा पहुंचेगी, जहां आरती, महाप्रसाद वितरण और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

रथयात्रा के शुभारंभ पर महापौर मालती राय ने भगवान की मंगल आरती की। श्रद्धालुओं के लिए लगभग 400 किलोग्राम खाजा तथा पांच से सात हजार लोगों के लिए शुद्ध देसी घी से बने हलवे के महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। यात्रा को लेकर पूरे मार्ग पर सुरक्षा और यातायात के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

# डॉ. मीनाक्षी पटेल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, स्त्री रोग विशेषज्ञों ने किया सम्मानित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश स्त्री रोग विशेषज्ञ सोसायटी की 17वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस में भोपाल की वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनाक्षी पटेल को चिकित्सा क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।



डॉ. मीनाक्षी पटेल को इससे पूर्व भी परिवार कल्याण सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यपाल के हाथों 'अवार्ड फॉर एग्ज़ेम्प्लरी सर्विसेज इन फैमिली वेलफेयर' से सम्मानित किया जा चुका है।

डॉ. पटेल ने वर्ष 1997 में डॉ. गुलाटी के साथ मिलकर इस एसोसिएशन की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके प्रयासों से भोपाल में एशिया-ओशियाना कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन भी किया गया था, जिसे चिकित्सा जगत में विशेष पहचान मिली।

कॉन्फ्रेंस में मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से करीब 250 स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। आयोजन के दौरान महिला स्वास्थ्य, आधुनिक उपचार पद्धतियों और चिकित्सा क्षेत्र की नई तकनीकों पर विशेषज्ञों द्वारा विचार-विमर्श किया जा रहा है।

## पुलिस की सतर्कता से टली चोरी, तीन मोबाइल और 20 हजार रुपये से भरा बैग सुरक्षित लौटाया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** छोला मंदिर थाना पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से चोरी की एक वारदात होने से बच गई। भानपुर पुलिस चौकी पर एफआरवी में तैनात आरक्षक भरत शर्मा और पायलट कन्हैयालाल की सूझबूझ के चलते कार से चोरी कर ले जाया गया बैग सुरक्षित बरामद कर उसके मालिक को लौटा दिया गया।



जानकारी के अनुसार, फरियादी शिवांश स्वामी, जो एयरटेल कंपनी में कार्यरत हैं, अपनी कार में बैग रखकर कुछ देर के लिए रुके थे। इसी दौरान कुछ बच्चे कार से बैग उठाकर भाग निकले। घटना पर नजर पड़ते ही ड्यूटी पर मौजूद आरक्षक भरत शर्मा और एफआरवी पायलट कन्हैयालाल ने तत्काल बच्चों का पीछा किया और जोर से आवाज लगाई। पुलिस को अपनी ओर आते देख बच्चे रेलवे पटरी पार करते हुए बैग वहीं छोड़कर फरार हो गए।

पुलिस ने बैग की जांच की तो उसमें तीन मोबाइल फोन और 20 हजार रुपये नकद सुरक्षित मिले। इसके बाद बैग उसके वास्तविक मालिक शिवांश स्वामी को सुपुर्द कर दिया गया। अपना सामान सुरक्षित वापस मिलने पर शिवांश स्वामी ने छोला मंदिर पुलिस, विशेष रूप से आरक्षक भरत शर्मा और एफआरवी पायलट कन्हैयालाल का आभार व्यक्त करते हुए उनकी तत्परता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस सक्रियता को सराहनीय बताया।

### पति पर प्रताड़ना का मामला दर्ज

**नप्र, भोपाल :** गौतम नगर थाना क्षेत्र में विवाहिता ने पति पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 85 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छोला में युवती से मारपीट

**नप्र, भोपाल :** छोला मंदिर थाना क्षेत्र के प्रीतनगर में युवती के साथ गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दहेज में कार की मांग केस दर्ज

**नप्र, भोपाल :** महिला थाना में विवाहिता ने पति पर दहेज में कार की मांग कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दिवंगत साथियों की स्मृति में किया गया वृहद वृक्षारोपण



पूर्व विद्यार्थियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** एक्स फेलो स्टूडेंट्स सोसायटी ऑफ डिमांस्ट्रेशन स्कूल (डेमोलाइट) के तत्वावधान में शनिवार को डिमांस्ट्रेशन स्कूल परिसर में दिवंगत पूर्व विद्यार्थियों की स्मृति में वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य एवं मार्गदर्शक स्वर्गीय ए. बी. सक्सेना, स्वर्गीय रमेश चंद्र शर्मा 'गट्टू भैया', स्वर्गीय अखिलेश कुमार सिंह सहित वर्ष 1968 से 1984 बैच के दिवंगत पूर्व विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उनके नाम पर पौधे रोपकर उनकी स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने का संकल्प लिया गया।

संस्था के अध्यक्ष संजय कुदेशिया ने बताया कि आयोजन में वर्ष 1968 से 1984 बैच तक के लगभग 200 पूर्व विद्यार्थी एवं उनके परिजन शामिल हुए। सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लगाए गए पौधों के नियमित संरक्षण और संवर्धन का संकल्प भी लिया, ताकि ये वृक्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए दिवंगत साथियों की अमिट स्मृतियों के प्रतीक बन सकें।

## होटल के रिकॉर्ड और डिजिटल साक्ष्य खंगालेगी पुलिस

# एआईजी रैंक के अधिकारी पर दुष्कर्म का आरोप, थाने में शिकायत की

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में पुलिस मुख्यालय में पदस्थ एआईजी रैंक के एक अधिकारी के खिलाफ महिला की शिकायत प्राप्त होने के बाद जांच तेज कर दी गई है। पुलिस अब शिकायत में बताए गए घटनाक्रम की पुष्टि के लिए होटल के रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज और डिजिटल साक्ष्य जुटाने में लगी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि अधिकारी ने उसे एक होटल में बुलाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया। शिकायत के आधार पर, विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले के हर पहलू की निष्पक्ष जांच की जाएगी और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

जांच के दौरान सबसे पहले उस होटल के दस्तावेजों की जांच की जाएगी, जहां घटना होने का दावा किया गया है। होटल के प्रवेश रजिस्टर, सीसीटीवी फुटेज, बिलिंग रिकॉर्ड और अन्य उपलब्ध दस्तावेजों को सुरक्षित किया जा रहा है। इसके अलावा दोनों पक्षों की मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल, चैट और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की भी पड़ताल की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मदद भी ली जाएगी। सूत्रों के अनुसार, मामले में पहले भी शिकायत की गई थी, लेकिन अब उपलब्ध कराए गए तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर विवेचना आगे बढ़ाई जा रही है। फिलहाल आरोपी अधिकारी के खिलाफ विभागीय स्तर पर क्या कार्रवाई होगी, इस पर कोई आधिकारिक निर्णय सामने नहीं आया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष और साक्ष्य आधारित होगी तथा विवेचना में जो तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुरूप आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जांच के प्रमुख बिंदु...

- होटल के एंट्री रजिस्टर और सीसीटीवी फुटेज की जांच।
- मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल और डिजिटल चैट का विश्लेषण।
- उपलब्ध होने पर मेडिकल और फॉरेंसिक साक्ष्यों का परीक्षण।
- साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई।

### आईपीएस रिवर्ट सूची से पहले थाने पहुंची पीड़िता

सात राज्य पुलिस सेवा अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा से राज्य पुलिस सेवा में वापस भेजे जाने की सूची जारी होने से पहले ही पीड़िता अपने अधिवक्ता के साथ शुक्रवार को श्यामला हिल्स थाने पहुंची थी। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत सौंपते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को सात अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा से राज्य पुलिस सेवा में वापस भेजा गया, लेकिन गंभीर आरोपों के चलते राजेश मिश्रा का नाम इस सूची में शामिल नहीं किया गया। उसी दिन पीड़िता ने श्यामला हिल्स थाने पहुंचकर विधिक कार्रवाई की मांग की।

# गुरुद्वारे में चोरी का आरोपी गिरफ्तार, रुपए बरामद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** थाना टीटी नगर पुलिस ने वर्ष 2025 के चर्चित गुरुद्वारा चोरी मामले का खुलासा करते हुए एक आदतन नकबजन को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर शास्त्री नगर स्थित गुरुद्वारे का ताला तोड़कर दान पेटी और अलमारी से करीब 70 हजार रुपये चोरी करने की वारदात कबूल की है। पुलिस के अनुसार 17 अक्टूबर 2025 को गुरुद्वारे के सेवादार अंश चावला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर रात में मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसा और दान पेटी सहित अलमारी में रखी नकदी चोरी कर ले गया। शिकायत पर थाना टीटी नगर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कजलिखेड़ा गांव में दबिश देकर अप्पू उर्फ राजेश भील (26) निवासी अब्दुल्ला बरखेड़ी पठार डेम को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी छोटू उर्फ नरेश रैकवार के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपी ने बताया कि चोरी की गई रकम दोनों ने आपस में बांट ली थी और उसके हिस्से के अधिकांश रुपये खर्च हो चुके हैं। पुलिस ने उसके कब्जे से 1,000 रुपये बरामद किए हैं।

जांच में सामने आया कि आरोपी का साथी नरेश उर्फ छोटू वर्तमान में रायसेन जिले के एक नकबजनी मामले में जेल में बंद है। उसके विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अप्पू उर्फ राजेश भील के खिलाफ भोपाल के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक चोरी और नकबजनी के मामले पहले से दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद केंद्रीय जेल भोपाल भेज दिया गया है।

**कृष्णलीला** *भगवान श्रीकृष्ण की भूमिका में सौरभ राज जैन के अभिनय ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध*

# रवींद्र भवन में 'मेरे कृष्ण' नाट्य प्रस्तुति ने बांधा समां



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी भोपाल के रवींद्र भवन में शनिवार को आयोजित नाट्य प्रस्तुति 'मेरे कृष्ण' ने दर्शकों को भक्ति, संस्कृति और आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत कर दिया। अभिनेता सौरभ राज जैन ने भगवान श्रीकृष्ण की भूमिका निभाते हुए अपने प्रभावशाली अभिनय से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। मंच पर उनके भाव, संवाद अदायगी और श्रीकृष्ण के विभिन्न प्रसंगों की प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा।



## प्रसंगों का जीवंत मंचन कर दर्शकों को भावविभोर किया

नाटक में श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों, कर्तव्य, प्रेम, करुणा और धर्म के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने विभिन्न प्रसंगों का जीवंत मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंच पर सजीव अभिनय, पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक मंच सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और संगीत ने प्रस्तुति को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। नाटक में श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व के विभिन्न आयामों को भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से भक्ति, मानवता, धर्म और जीवन मूल्यों का संदेश दिया। प्रस्तुति के दौरान दर्शक पूरे समय मंत्रमुग्ध होकर मंचन का आनंद लेते रहे। कई अवसरों पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के साहित्य, संस्कृति और रंगमंच से जुड़े लोग तथा कला प्रेमी उपस्थित रहे। प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक परंपरा और श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन को प्रभावशाली रूप से मंच पर साकार किया गया। आयोजन ने दर्शकों को आध्यात्मिक अनुभूति के साथ भारतीय नाट्य परंपरा की समृद्धता का भी अनुभव कराया। नाट्य प्रस्तुति के समापन पर कलाकारों का दर्शकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके उत्कृष्ट अभिनय की सराहना की। कार्यक्रम ने सांस्कृतिक आयोजनों के प्रति लोगों की बढ़ती रुचि को भी रेखांकित किया। रवींद्र भवन में आयोजित यह प्रस्तुति दर्शकों के लिए यादगार साबित हुई।

# तलैया पुलिस ने चंद घंटों में शातिर चोर को किया गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** थाना तलैया पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चंद घंटों के भीतर शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर चोरी गई बजाज पल्सर मोटरसाइकिल बरामद कर ली।



जब्त बाइक की कीमत करीब 75 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार जिंसी निवासी उमर कुरैशी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके ग्राहक की बजाज पल्सर (क्रमांक एफपी04 एनडब्ल्यू5046) मरम्मत के लिए दुकान के बाहर खड़ी थी, जिसे 11 जुलाई की शाम अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

शिकायत पर थाना तलैया में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने जांच के दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए देवेंद्र मिश्रा (45) निवासी बीना, जिला सागर को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी मारपीट सहित अन्य मामलों में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।